भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 'यात्री सुविधा दिवस' का आयोजन

**नई दिल्ली, 16 जून 2026**: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) द्वारा नागर विमान मंत्रालय के दिशा-निर्देश में 15 जून 2026 को सभी हवाई अड्डों पर 'यात्री सुविधा दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान यात्रियों को आसान, सुरक्षित, सुलभ और यात्री-अनुकूल यात्रा अनुभव प्रदान करने के भाविप्रा द्वारा अपने संकल्प को दोहराया गया।

'यात्री सुविधा दिवस' के अंतर्गत, देश भर के भाविप्रा हवाई अड्डों पर यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और उनसे लगाव बढ़ाने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन पहलों में आवागमन कर रहे यात्रियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करना, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करना, स्थानीय संस्कृति को दर्शाने के लिए लोक नृत्य कार्यक्रम आयोजित करना और बच्चों के लिए क्विज़ व चित्रकला प्रतियोगिताएं कराना शामिल था।

स्मरणीय अनुभव बनाने और यात्रियों का जुड़ाव बढ़ाने के लिए हवाई अड्डों पर 'सेल्फी बूथ' भी लगाए गए। इसके अलावा, कई जगहों पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर, हवाई अड्डों की कार्यशैली की जानकारी प्रदान करने वाले दौरे और छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे बातचीत की और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक जानकारी जुटाने के लिए आने-जाने वाले यात्रियों से फीडबैक लिया। इन सभी पहल में यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भाविप्रा की ओर से आनंददायक, आसान और स्मरणीय हवाई अड्डा अनुभव प्रदान करने के सतत प्रयासों की सराहना की।

इस कार्यक्रम में भाविप्रा के उन सतत प्रयासों पर प्रकाश डाला गया जो तकनीक-आधारित और ग्राहक-केंद्रित पहलों के माध्यम से यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे हैं। इनमें डिजी यात्रा, उड़ान यात्री कैफ़े, फ्लाईब्रेरी, किड्स ज़ोन, नि:शुल्क वाई-फ़ाई सेवाएँ, दिव्यांगजनों के लिए सुलभता सहायता, चिकित्सा सुविधाएँ, सेल्फ़-बैगेज ड्रॉप प्रणाली, डिजिटल सूचना कियोस्क और शिकायतों के समाधान के मज़बूत तंत्र शामिल हैं।

भाविप्रा हवाई यात्रा को और अधिक दक्ष, सुलभ और संधारणीय बनाने के लिए हवाई अड्डों की अवसंरचना को आधुनिक बनाने और नई तकनीकों को अपनाने का कार्य  जारी रखे हुए है।

यात्रियों और हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के माध्यम से, भाविप्रा भारतीय हवाई अड्डों को संपर्कता और सेवा उत्कृष्टता के वैश्विक स्तर के हब में बदलाव के लिए समर्पित है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सी सी) 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 04/2026




*भाविप्रा के हवाई अड्डों पर आयोजित विभिन्न यात्री-केन्द्रित गतिविधियां*



*भाविप्रा चेन्नई हवाई अड्डे पर वंदे मातरम गायन*